PART- XV

Paste below the News paper Clipping/Cutting and Photographs related to various kind of Legal Serv

Programmes Organised during the Month .....August.....2025

दैनिक जागरण 08.2025, पृष्ठ सं. 07

वृद्धों को अधिकार दिलाने के लिए डालसा तत्पर



शिविर में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक • जागरण



विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वृद्धाश्रम में मंचासीन डालसा सचिव, एलएडीसी व अन्य • जागरण

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वृद्धाश्रम में 'अकेले नहीं हैं आप' विषयक विधिक व स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

संवाद सहयोगी, जागरण, गोड्डा: विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा "अकेले नहीं हैं आप" विषय पर विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार ने वृद्धाश्रम में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा में डालसा हमेशा तत्पर है। वरिष्ठ नागरिक समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और वे समाज के मार्गदर्शक होते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार है, और उनका सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। कानून में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कई प्रावधान हैं। माता-पिता और आश्रितों की सेवा करना हर पुत्र-पुत्री का परम कर्तव्य है। यदि इस सेवा में कमी आती है, तो न्यायालय की शरण ली जा सकती है।

इस अवसर पर एलएडीसी अजीत कुमार, लीली कुमारी, आयूष राज, अधिकार मित्र नवीन कुमार, अविनाश कुमार, जायसवाल मांझी, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे। वृद्धाश्रम परिसर में स्वास्थ्य शिविर में 15 वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई और दवाइयों का वितरण किया गया। चिकित्सक डा. व्यूटी, एएनएम माला कुमारी, सुदामा कुमारी, केदार दास, रवि कुमार और प्रह्लाद कुमार ने वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की।

Name of Paper :- Dainik Jagran

Dated :- 22.08.2025

Programme held on dated :- 21.08.2025

Signature of the Secretary, D.L.S.A.
Godda.

(Continue ..... needed)

Scanned with OKEN Scanner